-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 23.06.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा द्वारा पुलिस अधीक्षक बांदा के साथ नवीन सभागार पुलिस लाइन बांदा में मण्डलीय पुलिस पेंशनर्स के साथ की गई बैठक। पुलिस पेंशनर्स की समस्याओं को सुन उनके निस्तारण हेतु संबंधित को दिए गए निर्देश। साथ ही पुलिस पेंशनर्स से लिए गए उनके सुझाव।**

विवरण- श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा श्री राजेश एस द्वारा आज दिनांक 23.06.2026 को पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के साथ मण्डलीय पुलिस पेंशनर्स की बैठक की गई। बैठक में मण्डल के चारों जनपदों- बांदा, महोबा, चित्रकूट व हमीरपुर के पुलिस पेंशनर्स ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों की समस्याओं, सुझावों एवं आवश्यकताओं को जानना तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करना था। इस दौरान श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक द्वारा सभी पुलिस पेंशनर्स से आत्मीय संवाद करते हुए उनकी व्यक्तिगत एवं सामूहिक समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना गया। उनके पेंशन, चिकित्सा सुविधाओं, पारिवारिक लाभ, अभिलेखीय कार्यों तथा अन्य प्रशासनिक विषयों से संबंधित विभिन्न समस्याओं को भी सुना गया तथा उनके सुझावों भी लिए गए तथा पुलिस पेंशनर्स की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाने तथा जिन प्रकरणों में उच्च स्तर से कार्यवाही अपेक्षित है, उन्हें तत्काल संबंधित स्तर पर प्रेषित किए जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करते हुए आश्वस्त किया गया कि उनकी समस्याओं के समाधान हेतु हर संभव सहायता एवं सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी पुलिस विभाग की अमूल्य धरोहर हैं, जिन्होंने अपने सेवाकाल में कानून-व्यवस्था बनाए रखने एवं जनसेवा के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके सम्मान, सुविधा एवं कल्याण का ध्यान रखना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। बैठक के दौरान पुलिस पेंशनर्स द्वारा भी अपने अनुभव साझा किए गए तथा विभाग द्वारा समय-समय पर आयोजित किए जाने वाले ऐसे संवाद कार्यक्रमों की सराहना की गई। इस दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर/लाइन सुश्री मेविस टॉक, क्षेत्राधिकारी सदर/कार्यालय श्री सौरभ सिंह आदि मौजूद रहे।